पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन में 'उत्तर प्रदेश पर जारी स्मारक डाक टिकट' का अनावरण एवं विमोचन किया

पहली बार राजभवन के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री की भागीदारी हुई

सकारात्मक सोच के जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण ही जनता का कार्य आसान करते हैं

राजभवन में प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाली 'प्रादेशिक शाक–भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी' पर भी स्मारक डाक टिकट जारी हो

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

भारतीय डाक विभाग ने राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक विरासतों पर गर्व करना सिखाया

राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने राजभवन उत्तर प्रदेश के सौन्दर्य को बढ़ाने का कार्य किया

–केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री, श्री देबू सिंह चौहान

लखनऊ : 20 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन स्थित गाँधी सभागार में केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री श्री देबू सिंह चौहान के साथ राजभवन उत्तर प्रदेश पर

जारी 'स्मारक डाक टिकट' का रिमोट दबाकर अनावरण तथा एल्बम के माध्यम से विमोचन किया। इस स्मरणीय अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभागी होने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राजभवन मंत्रीगणों के लिए भ्रमण और मुलाकात का स्थल रहा है। पहली बार राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा प्रतिभाग किया गया है। अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के जनप्रतिनिधि और अधिकारी जनता के कार्यों को आसान कर देते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जनहित में नियम और कार्य प्रणाली बनाने तथा अधिकारियों को जनता से संवेदनात्मक स्तर तक जुड़ कर कार्य सम्पादन करने के लिए प्रेरित किया।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने राजभवन की गतिविधियों का उल्लेख भी किया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से राजभवन को आम जनता के लिए भी खोला गया है। यहाँ के हरे–भरे उद्यान के प्राकृतिक वातावरण में लोग प्रातः काल भ्रमण के लिए आते हैं। उन्होंने राजभवन में प्रतिवर्ष होने वाली अद्वितीय 'प्रादेशिक शाक–भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी' का विशेष जिक्र अपने सम्बोधन में करते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में दूर दराज से किसानों और बागबानों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। वे अपने विशिष्ट फल, फूल, सब्जी और उनसे निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन यहाँ करते हैं। यह प्रदर्शनी बड़े स्तर पर आकर्षण का केन्द्र है। इस वर्ष भी तीन दिन तक चली इस प्रदर्शनी में एक लाख से अधिक दर्शनार्थी राजभवन आए। राज्यपाल जी ने भारतीय डाक विभाग से अपेक्षा की कि राजभवन में आयोजित होने वाली इस विशिष्ट प्रदर्शनी पर भी 'स्मारक डाक टिकट' जारी हो।

समारोह को सम्बोधित करते हुए संचार राज्यमंत्री भारत सरकार, श्री देबू सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय डाक विभाग ने राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक विरासतों पर गर्व करना सिखाया। श्री देबू सिंह चौहान डाक विभाग द्वारा देश के गौरव को परिलक्षित करने वाले साहित्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा उपलब्धि परक अन्य स्मरणीय स्वरूपों पर जारी डाक टिकटों की चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश राजभवन का 'स्मारक डाक टिकट' भी जारी किया गया है। उन्होंने राजभवन की सुंदर वास्तु शैली की प्रशंसा की और कहा कि वर्तमान में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने इस राजभवन के सौन्दर्यीकरण में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने राज्यपाल जी द्वारा हाल ही में राजभवन के मुख्य भवन के समीप स्थित लगभग खण्डर हो चले भवन को सौन्दर्यीकृत कराकर 'कर्मयोगी भवन' बनवाने का विशेष जिक्र करते हुए यहाँ पंचतंत्र वाटिका निर्माण, जैविक खेती के उद्यानों का विकास, नक्षत्र वाटिका निर्माण, ड्रैगन फ्रूट की खेती जैसे विशेष कार्यों की चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि गरीब जनता और महिलाओं के हित को गम्भीरता से समझने वाली शख्सियत इस प्रदेश की राज्यपाल हैं। अपने सम्बोधन में उन्होंने भारतीय डाक विभाग की प्रगति और उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा भी की।

अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने इस अवसर पर सभी आमंत्रितजनों का स्वागत करते हुए इस आयोजन को गौरवशाली और स्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी के कार्यों से राजभवन में गतिविधियों का विस्तार हुआ है। राजभवन प्रदेश की सर्वोच्च इमारत है। ये वो खुला आसमान है, जिसका परिक्षेत्र असीमित है।

चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्री बी0 सेलवा कुमार ने स्मारक डाक टिकट के बारे में जानकारी देते हुए समारोह में प्रतिभागी सभी सम्मानित महानुभावों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सहायक निदेशक जनरल श्री गौरव कुमार सैनी, लखनऊ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनलर श्री विवेक कुमार दक्ष, डाक विभाग एवं राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361